# 6. मैं भी...




एक अंडे में से बत्तख का बच्चा निकला।
लो, मैं अंडे में से निकल आया,
बत्तख का बच्चा बोला।



एक और अंडे में से मुर्गी का चूज़ा
निकला। मैं भी आ गया -
चूज़ा बोला।



मैं घूमने जा रहा हूँ -
बत्तख का बच्चा बोला।
मैं भी चलूँगा - चूज़ा बोला।



मैं गड्ढा खोद रहा हूँ-
बत्तख का बच्चा बोला।
मैं भी खोदूँगा-
चूज़ा बोला।

SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21



मुझे एक केंचुआ मिला - बत्तख का बच्चा बोला।

मुझे भी - चूज़ा बोला।



मैंने एक तितली पकड़ी-

बत्तख का बच्चा बोला।

मैंने भी तितली पकड़ी-

चूज़ा बोला।



मैं तैरना चाहता हूँ- बत्तख का बच्चा बोला।

मैं भी - चूज़ा बोला।

देखो मैं तैर रहा हूँ-

बत्तख का बच्चा बोला।



SCERT TELANGANA

मैं भी तैरूँगा-

चूज़ा बोला।





बचाओ.... चूज़ा डूबते हुए चिल्लाया।

बत्तख के बच्चे ने चूज़े को पानी से बाहर निकाला।






SCERT TELANGANA



## सुनो-बोलो

(अ) चित्र 1 में अंडे से किसका बच्चा निकला?

(आ) चित्र 2 में अंडे से किसका बच्चा निकला?

(इ) चित्र 3 में दोनों कहाँ जा रहे हैं?

(ई) चित्र 5 में उन्हें क्या मिला?

(उ) चूज़े को किसने बचाया?

(ऊ) आगे क्या हुआ होगा?



(ए) चूजा बार-बार बत्तख के बच्चे की नकल करता रहता था............

कहानी आगे बढ़ाओ और सुनाओ।

बत्तख का बच्चा बोला - .......................






## पढ़ो-लिखो


**(अ) नीचे दिये गये शब्द पढ़िए। पाठ में आये शब्द पहचानकर '◯' लगाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बत्तख | कमल | बच्चा | पेड़ | अंडा | चूज़ा |
| हाथी | मुर्गी | चरण | गड्ढा | राजा | तोता |

**(आ) पाठ में आये द्वित्वाक्षर वाले शब्द पढ़िए। रेखा खींचिए।**

**(इ) १. अक्षर मिलाकर पढ़िए।**




SCERT TELANGANA

(२) पढ़ो।

च् + च = च्च,  त् + त = त्त

क् + क = क्क  प् + प = प्प

(ई) **जल्दी-जल्दी पढ़िए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बच्चा | सच्चा | कच्चा | पक्का | धक्का |
| इक्का | कुत्ता | बत्तख | अंडा | मुर्गी |

(उ) **नीचे दिये गये शब्दों से खाली जगह भरिए।**

अंडे  चूज़ा  चिल्लाया  तितली  केंचुआ

(१) एक ................ में से बत्तख का बच्चा निकला।

(२) मैं भी आ गया- ............. बोला।

(३) मुझे एक ................ मिला।

(४) चूज़ा डूबते हुए ...............।

(५) मैंने एक ............... पकड़ी।

(ऊ) **नीचे दिये गये शब्द पढ़िए।**

१. **द्वित्वाक्षर शब्दों के नीचे '___' खींचिए।**

**संयुक्ताक्षर शब्दों को '◯' लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बच्चा | बत्तख | सुग्गा | मक्खी | मच्छर |
| पत्थर | दोस्त | पक्की | रास्ता | बल्ला |
| चक्की | गड्ढा | बिल्ली | गन्ना | सब्जी |
| कुत्ता | चूल्हा | रस्सी | मुन्ना | प्याज |

SCERT TELANGANA


तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

(ए) नीचे दिये गये शब्द **पढ़िए**।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुर्गी | बर्तन | फर्श | मिर्च | गर्मी |
| सर्दी | राष्ट्र | कृपा | तृण | उम्र |
| प्रथम | समुद्र | नम्र | क्रम | चक्र |





## लिखो

(अ) नीचे दिये गये द्वित्वाक्षर से शब्द **बनाइए**।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| च्च | ट्ट | त्त | ग्ग | क्क |
| बच्चा | ........... | ........... | ........... | ........... |

(आ) नीचे दिये गये संयुक्ताक्षर से शब्द **बनाइए**।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| त्थ | ड्ढ | स्त | ब्ज | प्य |
| पत्थर | ........... | ........... | ........... | ........... |

(इ) तालिका में के अक्षरों के साथ ◌े, ◌ै, ◌ं, र्◌, ◌ँ लगाकर **लिखिए**।

| | क | ग | न | म | च | ज | ढ | भ | द |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ◌े | | | | | | | | | |
| ◌ै | | | | | | | | | |
| ◌ं | | | | | | | | | |
| र्◌ | | | | | | | | | |
| ◌ँ | | | | | | | | | |

SCERT TELANGANA

(ई) नीचे दिये गये चित्रों के नाम **लिखिए**। उनसे वाक्य बनाकर **लिखिए**।

१.  कुत्ता - कुत्ता ईमानदार जानवर है।

२.  ........... ............................................

३.  ........... ............................................

४.  ........... ............................................

५.  ........... ............................................

(उ) चित्र **देखिए**। चित्र में क्या-क्या हैं ? वाक्यों में **लिखिए**।



१. ............................................

२. ............................................

३. ............................................

४. ............................................

SCERT TELANGANA